(स्थान चित्तौड़—खुला मैदान, उसके ठीक बीचमें गड़े हुए एक ऊँचे लट्ठ पर सीसोदीय राज्य का झंडा लहरा रहा है। मैदान के दोनों ओर पंक्तियों में बहुत से राजपूत सैनिक खड़े हैं। दोनों पंक्तियों के सिरों पर उनके अध्यक्ष खड़े हैं, सब अस्त्र-शस्त्रों से सुसज्जित हैं। एक ओर सालुम्बा सरदार, बंश ठाकुर और कुछ और चूडावत सरदार खड़े हैं और दूसरी ओर सामने की पंक्ति में बल्लजी, योध, अंबलेरा आदि शक्तावत सरदार खड़े हैं राणा अमरसिंह आते हैं। सब अपने अपने स्थानों पर खड़े उन्हें अभिवादन करते हैं।)

सालुम्बा सरदार—(झंडे के पास आकर) मैं सीसोदीय कुलावतंस श्री बप्पा रावल और शूर चंड के चरणों की शपथ लेकर प्रतिज्ञा करता हूँ कि तन मे प्राण रहते अन्तल्ला को हस्तगत करने में आगा पीछा न देखूंगा, और यदि इस प्रयास में असफल रहा तो चित्तौड़ मे प्रवेश न करूंगा।

(सब चूडावतवंशीय सैनिक -'सालुम्बा सरदार की जय' के नारे लगाते हैं। चूडावत सरदार लौटकर अपने स्थान को चला जाता है।)

बल्लजी—(झंडे के पास जाकर) मैं सूर्य-कुल-भूषण बप्पा रावल और प्रातः स्मरणीय महाराणा प्रतापसिंह के चरणों

की शपथ लेकर सबके सम्मुख यह प्रण करताहूं कि अन्तला दुर्गको विजय करके ही दम लूंगा और यदि इसमें असफल रहा तो चित्तौड़ को फिर अपना मुँह न दिखाऊंगा !

(शक्तावत-पक्षीय सैनिक—'शक्तावत शिरोमणि बल्लजी की जय' के नारे लगाते हैं । बल्लजी अपने स्थान को लौट जाता है)

राणा—मेवाड़ के बहादुर वीरो, मुझे आप लोगों को मातृभूमि की सेवा के लिए प्रयाण करते देखकर बहुत आनन्द हो रहा है । तुम लोग वही कार्य करने को जा रहे हो जो तुम्हारे पुरखा सदियों से करते आये हैं । राजपूतों ने मातृभूमि मेवाड़ की रक्षा में जैसे बलिदान किए हैं, आप लोगों से वे छिपे नहीं हैं । मुझे आशाहै कि तुम भी किसी से पीछे न रहोगे । अन्तला को अभेद्य बताया जा रहा है, परन्तु राजपूती तलवार और हिम्मत के आगे कुछ भी अभेद्य नहीं । ईश्वर तुम्हें सफलता प्रदान करें ।

(कुछ राजपूत-नारियां एक हाथ में पुष्पमाला और दूसरे में आरती की थाली लिए आती हैं, और दो पक्षों में विभक्त होकर अपने-अपने पक्ष के पास खड़ी होजाती हैं ।)

(वे गाती हैं)

सब—उठो उठो भारत-सन्तानों, रणभेरी-आह्वान सुनो,
उठो उठो माँ बुला रही है, माँ के क्रन्दनगान सुनो ।

नौवाँ दृश्य

(स्थान चित्तौड़—खुला मैदान, उसके ठीक बीचमें गड़े हुए एक ऊंचे लट्ठ पर सीसोदीय राज्य का झंडा लहरा रहा है। मैदान के दोनों ओर पंक्तियों में बहुत से राजपूत सैनिक खड़े हैं। दोनों पंक्तियों के सिरों पर उनके अध्यक्ष खड़े हैं, सब अस्त्र-शस्त्रों से सुसज्जित हैं। एक ओर सालुम्बा सरदार, चंदा ठाकुर और कुछ और चूड़ावत सरदार खड़े हैं और दूसरी ओर सामने की पंक्ति में वल्लजी, घोघ, चंचलेश आदि शक्तावत सरदार खड़े हैं तथा अमरसिंह आते हैं। सब अपने अपने स्थानों पर खड़े उन्हें अभिवादन करते हैं।)

सालुम्बा सरदार—(झंडे के पास आकर) मैं सीसोदीय कुलावतंस श्री बप्पा रावल और शूर चंड के चरणों की शपथ लेकर प्रतिज्ञा करता हूँ कि तन में प्राण रहते अन्तल्ला को हस्तगत करने में आगा पीछा न देखूंगा, और यदि इस प्रयास में असफल रहा तो चित्तौड़ में प्रवेश न करूंगा।

(सब चूड़ावतपक्षीय सैनिक - 'सालुम्बा सरदार की जय' के नारे लगाते हैं। चूड़ावत सरदार लौटकर अपने स्थान को चला जाता है।)

वल्लजी—(झंडे के पास आकर) मैं सूर्य-कुल-भूषण बप्पा रावल और प्रातः स्मरणीय महाराणा प्रतापसिंह के चरणों

सब—उठो उठो, भारत सन्तानों, रणभेरी-आह्वान सुनो,
उठो उठो, माँ उठा रही है, माँ के क्रन्दन-गान सुनो ॥

चौथी बालिका—

जग के बंधन तोड़ फोड़ कर छोड़ो ममता माया को,
छोड़ो भाई, छोड़ो बहनें, छोड़ो घर की साया को।
क्यों चिमटे हो इस काया से, यह तो आती जाती है,
अभी गई फिर नई आ गई, सदा न रहने पाती है।
पर आत्मा न कभी मरती है, उसकी ही आवाज़ सुनो ॥

सब—उठो उठो, भारत-सन्तानों, रणभेरी-आह्वान सुनो,
उठो उठो, माँ उठा रही है, माँ के क्रन्दन-गान सुनो ॥

पाँचवीं बालिका—

पुष्प-मालिका, चंदन, रोली लिये यहाँ पर आई हैं,
पत्नी, बहिन, तुम्हारी जननी जलते दीपक लाई हैं।
दीपक ये स्वातन्त्र्य-चिह्न हैं, ये न कभी बुझने पावें,
विद्युत् चमके, बादल गरजे, नभ में कृष्ण घटा छाये।
इन्हीं दीपकी ज्वलत् शिखा पर सहस्त्रों का बलिदान सुनो॥

सब—उठो उठो, भारत सन्तानों, रणभेरी-आह्वान सुनो,
उठो उठो, माँ उठा रही है, माँ के क्रन्दन गान सुनो ॥

(प्रत्येक बालिका अपने अपने सम्बन्धी को माला पहनाती है और तिलक लगाती है।)

सब— मालायें पहनाती हैं हम चन्दन, तिलक चढ़ाती हैं,
वीरों के उन्नत भालों को अपने प्राण सजाती हैं।
लाज तुम्हें हमारी रखनी है, पग आगे धरते जाना,
उन्नत भाल लिये घर आना, करना स्वराज्य पाना ॥

अबलाओं की यही साधना है इसको धर ध्यान सुनो।
उठो उठो, भारत-संतानों, रणभेरी-आह्वान सुनो,
उठो उठो, माँ उठा रही है, माँ के क्रन्दन गान सुनो ॥
इसी तरह जयमालायें और हीर, तिलक-संभार लिये,
द्वार-द्वार पर खड़ी रहेंगी, हृदयों के उद्गार लिये।
गर्वोन्नत ग्रीवाओं में जब जयमालायें पहनावेंगी,
फलीभूत जीवन को पाकर स्वर्गानन्द मनावेंगी ॥
वरना सती-चिता ही होगा जीवन का अवसान सुनो।
उठो उठो, भारत-सन्तानों, रणभेरी-आह्वान सुनो,
उठो उठो, माँ उठा रही है माँ के क्रन्दन-गान सुनो ॥

(सब नारियां गाती गाती जाती हैं।)

(एक सोलह सत्रह वर्षकी स्वस्थावयव-पन्न की बालिका और थाल उठाये एक कोनेमें सिर नीचे किये लज्जित-सी खड़ी)

घोष—(वत्सजी से) भैयो, मालूम होता है इस बालिका का सम्बन्धी नहीं है। फिर भी देशप्रेम से प्रेरित होकर आई है।

वत्सजी—क्या किया जाय फिर?

घोष—आप हमारे नायक हैं, आप ही इसके उपहार स्वीकार करें।

(वत्सजी उस बालिका के पास जाता है)

वत्सजी—(उस कन्या से) तुम्हारा कोई सम्बन्धी नहीं है क्या

बालिका—है तो पर ....

वत्सजी—पर क्या? (अपने आप) शायद अभी आया न
(उससे) अच्छा मुझे ही अपना सम्बन्धी मानो।

मालिका—(नीचे सिर किये हुए) मेरे प्राणनाथ !

सत्यदेव—(हँसते हँसते) अब क्यों सम्बन्ध हुआ मेरा तुमसे !

मालिका—यह फिर बताऊँगी ।

सत्यदेव—फिर क्यों ? अब क्यों नहीं !

मालिका—अब नहीं, फिर कभी ।

(उसके गले में माला डालती है)

सत्यदेव—(हँसते हँसते) अच्छा, फिर सही ।

(बैठकर धरते धरते स्थान को जाते हैं)

(सब सैनिक, पहले सूरजगढ़-पक्ष के और पीछे चन्द्रगढ़-पक्ष के पीछे-पीछे जाते हैं ।)

(परदा गिरता है)

—:o:—

दूसरा अंक

पहला दृश्य

(चित्तौड़ से तीन कोस की दूरी पर एक खुला मैदान। राजपूतों का
शिविर, उसमें कई तम्बू और शामियाने लगे हुए हैं। कई राजपूत
सैनिक, कुछ सैनिक वेष में सशस्त्र और कुछ साधारण वेष में
आ जा रहे हैं। शिविर के ठीक मध्य में एक बड़ा तम्बू
खड़ा है। उस पर राजपूती ध्वजा फहरा रही है।
उसके बाहिर कुछ सशस्त्र सैनिक पहरा दे
रहे हैं। उसके पास ही एक सुकुमार
सैनिक वेष-भूषा से सज्जित
उदास सा खड़ा है।
एक राजपूत
सरदार
पास
से
गुज़रता
हुआ उसके पास
खड़ा हो जाता है।)

राजपूत सरदार—क्यों भाई, तुम ऐसे उदास क्यों खड़े हो?

राजपूत युवक—सोच रहा हूं कि किधर जाऊँ।

राजपूत सरदार—लौट रहे हो क्या?

राजपूत युवक—हाँ, लौटना पड़ा ही है।

राजपूत सरदार—क्यों?

राजपूत युवक—सेनाध्यक्ष ने मेरी सेवा को स्वीकार नहीं किया।

राजपूत सरदार—भैया ने क्या ?

(तम्बू के अन्दर से एक राजपूत वीर निकलता है। वेश-भूषा से मालूम होता है कि वह सेनाध्यक्ष है।)

अध्यक्ष—वीर भैया, यहां क्यों खड़े हो ? (ध्यान से देखकर) तुम्हारे पास कौन खड़ा है यह ? (पास आकर) अभी तुम गये नहीं दुर्गासिंह ?

वीर—बड़े भैया, यह कौन है ?

बल्लजी—यह एक युवक है। सेना में भर्ती होने आया था, पर इसकी सुकुमार देह और अल्प आयु देखकर दयावश मैंने इसे स्वीकार नहीं किया।

दुर्गासिंह—क्या हृदय की उमंगों का नाप देह और आयु से होता है सरकार !

बल्लजी—फिर भी कार्य के अनुसार ही पात्र का निर्णय होता है।

वीर—ठीक है युवक, तुम्हारी यह सुकुमार देह रण-क्षेत्र की कठिनताओं को सहन भी न कर सकेगी वास्तविक युद्ध की तो बात ही रही।

बल्लजी—(ज़रा मुस्कराकर) इसे नारी बनाते-बनाते विधाता के मन में आया कि इसे नर होना चाहिए, बस और कुछ नहीं सोचा और बना दिया इसे नर।

दुर्गासिंह—नारी जाति को आप हेय समझते हैं क्या ? क्या राजपूत-

बल्लभी—यह बताओ भाई कि तुम काम क्या करोगे ?

दुर्गासिंह—जो आप आदेश देंगे।

बल्लभी—मेरे पास तो केवल सैनिक का कार्य है। उसके मैं तुम्हें योग्य नहीं समझता।

दुर्गासिंह—मुझे अपने चरणों में ही टिकना दीजिए, उनकी सेवा का भार मैं अपने ऊपर लूंगा।

बल्लभी—(हंसकर) एक और मुसीबत मेरे गले पड़ी। अरे भाई, मैं युद्ध संचालन का कार्य करूंगा कि तुम्हारी देखभाल !

योग—भैया, मेरा यह विचार है कि इसे अपने पास ही रक्खें। थोड़ा बहुत काम इसे दे छोड़ा करें। इससे ही यह सन्तुष्ट रहेगा।

बल्लभी—जैसी आपकी इच्छा। (दुर्गासिंह से) आओ भाई मेरे साथ। (चलते चलते) यह जो (तंबू की ओर निर्देश कर) बड़ा सा तंबू है न, यही मेरा डेरा है। उसके पास ही एक और छोटा सा तंबू लगा है। उसमें तुम अपना डेरा बना लो ! जब कभी मैं बुलाऊँ हाज़िर होजाया करना। समझे ! तुम्हारा नाम दुर्गासिंह ही है न ? (अपने आप) नाम भी गुणानु-कूल ही है—शरीर दुर्ग (किले) जैसा और हृदय सिंह जैसा।

(जाता दिखा है)

गौरी—सीढ़ी बनाने चली हूँ। आज सरदार ने आदेश दिया है कि कुछ सीढ़ियाँ बनाकर साथ ले चलो कि दीवारों के फाँदने में काम आयेंगी।

दुर्गा—दुर्ग की दीवारें इतनी छोटी हैं क्या ?

गौरी—वे तो सुना है बहुत ऊँची हैं, पर इसे अपने स्वामी महाराज के लिये तैयार कर रही हूँ। जब वे ऊपर चढ़ आयेंगे तो नीचे से इसे हटा लूँगी कि वे भाग न सकें।

दुर्गा—क्या अब भी वे भागना चाहते हैं ?

गौरी—भागने के लिये कई बार उन्होंने यत्न किये पर मैंने कभी सफल नहीं होने दिया। तुम्हारे आने से पहले वे यहीं थे और इसी बात पर हमारा विवाद हो रहा था। दुर्गा, मैं कई बार सोचती हूँ इस विवाहित जीवन से तो अविवाहित ही रहती तो अच्छा होता।

दुर्गा—छोड़ो इस बात को गौरी। जो काम तुम सच्ची राजपूतनी की तरह कर रही हो, उसे करती जाओ, ईश्वर फल देगा।

गौरी—तुम अपनी सुनाओ दुर्गा, क्या प्रेमधन से समागम हुआ कि नहीं ?

दुर्गा—(हँस कर) रात्रि-दिन उन्हीं के पास तो रहती हूँ।

गौरी—सच।

दुर्गा—हाँ, सच। पहले तो उन्होंने मुझे बिल्कुल निराश ही किया था, परन्तु फिर कुछ सोच कर मुझे सेना में भर्ती कर लिया। अब तो मुझ पर इतने प्रसन्न हैं

वल्लजी—तुम्हें पता नहीं भाई, इतने युग तिर के पंजोंसे शिकार खेलकर चला आ रहा हूँ, सैकड़ों तीरों की भयङ्कर बौछार का अकेला सामना करता रहा हूँ, परन्तु जब कभी तुम्हारे समान सुकुमार, भोले-भाले नवयुवक के रणकुण्ड में आहुत होने की सम्भावना का विचारमात्र ही मन में उठता है तो रण से घृणा होने लगती है।

दुर्गासिंह—मेरी आयु अवश्य छोटी है सरदार, पर मेरी नसों में भी सीसोदिया वंश का रक्त बह रहा है। मैं आप लोगों के साथ मातृभूमि के बलिदान-यज्ञ में आहुत होने के लिए आया हूं, न कि आपके मार्ग में कांटे बखेरने। अभिमन्यु की आयु क्या मुझसे बड़ी थी? उस अकेले ने सप्त महारथियों के छक्के छुड़ा दिये थे। मुझसे भी अल्पवयस्क लव अकेले के सामने शत्रुघ्न और मारुति जैसे महावीरों की दाल न गली थी। मैं भी उन्हीं के वंश से हूं और उन्हीं के जीवन का उद्देश्य लेकर यहां आया हूं।

(योध आता है ।)

योध—(दुर्गासिंह को देखकर) तुम कहां थे भैया ?

वल्लजी—यही तो मैं भी पूछ रहा हूं।

दुर्गासिंह—मैं आपके लिए एक आवश्यक समाचार लाया हूं।

वल्लजी—क्या ?

दुर्गासिंह—मेरा एक घनिष्ट मित्र भर्ती हुआ है चूड़ावतों में। उसे मिलने का मेरे दिल में विचार उठा। सोचा आज के दिन तो यहां पड़ाव है ही क्यों न उसे मिल आऊँ।

बख्तजी—उसी से मिलने गया था तू?

दुर्गासिंह—हाँ सरकार। जब मैं वहां पहुँचा तो वह बाँसकी सीढ़ी बनाने में व्यग्र था। पूछने पर उसने बताया कि साहुल सरकार ने आदेश दिया है कि ऐसी अनेकों सीढ़ियां बनवा की दीवारों को फांदने के लिए साथ ले जानी होंगी।

बोध—हमारी जो यह धारणा थी कि दीवारों को फांदने में अ काफी समय लगेगा वह भ्रान्त सिद्ध हुई है।

बख्तजी—यह उपाय तो उन्हें सूझ गया है फिर भी वे हमसे पह यहां न पहुँच सकेंगे। उनका मार्ग बहुत लम्बा है।

दुर्गासिंह—उन्हें एक छोटा मार्ग भी मिल गया है।

बख्तजी—कैसे ?

दुर्गासिंह - एक गड़रिये से उन्हें जंगल के एक ऐसे मार्ग का प लग गया है जो यहां से केवल पांच ही कोस है।

बोध—(विस्मय से) केवल पांच ही कोस!

दुर्गासिंह - हाँ सरकार, वे कल ही कूच करेंगे।

बख्तजी—ऐसा, अब क्या करना चाहिए ?

बोध—यह भी तो मालूम नहीं कि मुगलों ने दुर्ग को रसद का कै प्रबन्ध किया हुआ है ?

बख्तजी - इसका पता लगाना कठिन है, क्योंकि इसका एक ही है और वह भी बहुधा बन्द रहता है।

दुर्गासिंह—यदि मुझे आज्ञा हो तो मैं पता लगा आऊँ।

सिंह—(विस्मित होकर) जोरावर सिंह, यदि मान जाओ तो मैं एक बार घर हो आऊं। एक ही दिन में लौट आऊँगा और अपने पड़ाव पर तुम लोगों के पास पहुँच जाऊँगा।

जोरावरसिंह—देखिये जी, यह न होगा। इस प्रकार दुविधा में काम न चलेगा। घर की चिन्ता थी तो घर में ही रहते, आये क्यों थे?

रामसिंह—तुम्हें पता तो है कि मैं अपनी मरज़ी से नहीं आया।

जोरावरसिंह—जिनके लिए जा रहे हो यदि उसीसे धिक्कार मिलेंगे तो कौड़ी के न रहोगे।

रामसिंह—मान तो रहा हूँ, पर......अच्छा, जैसी तुम्हारी इच्छा।

अच्छा, जो घोड़ी तुमने तैयार की थी वह कहां है?

जोरावरसिंह—अपने डेरे के पास ही तो पड़ी है।

रामसिंह—तुम इधर चलो और मैं अभी आता हूं। (सामने देखकर) देखो सरदार इधर ही आ रहे हैं, उनसे भी अभिवादन कर लूं, मिले बहुत समय हो गया है। तुम चलो।

जोरावरसिंह—(सशंक नेत्रों से उसे देखकर) जल्दी आना, मैं आप की प्रतीक्षा में रहूँगा। (जाता है।)

रामसिंह—(अपने आप) इस दुष्ट से तो पीछा ही नहीं छूटता, छाया की तरह पीछे लगा है। (कुछ सोचकर) अच्छा, यह चाल भी चल देखूं।

(सरदार और एक सैनिक आते हैं। रामसिंह उन्हें अभिवादन करता है।)

सालुम्बा सरदार—रामसिंह जी, आप यहाँ खड़े हैं और सब लोग तो प्रस्थान की तैयारी कर रहे हैं।

रामसिंह—सरदार, आपकी ही खोज में हूँ। एक बात आपसे है, जरा गुप्त है।

सालुम्बा सरदार—कोई भय नहीं, निश्शंक कह डालो। ये भी (सैनिक की ओर इशारा कर) अंतरंगों में से हैं।

रामसिंह—सरदार, मेरा एक साथी है जोरावर नाम का। मुझे उस पर कुछ सन्देह है, वह शक्तावतों का भेदिया मालूम होता है।

सालुम्बा सरदार—आपको कैसे पता लगा है?

रामसिंह—हमारी प्रत्येक गति को बड़ी तन्मयता से देखता रहता है। साथ ही हमारे रहस्यों की जानकारी प्राप्त करने में विशेष रुचि रखता है।

सालुम्बा सरदार—यह तो कोई सन्देह की बात नहीं, प्रत्येक सच्चे सैनिक को चौकन्ना रहना चाहिए।

रामसिंह—कभी कभी अपने दल से पिछड़ भी जाता है। प्रतीत ऐसा होता है कि यहाँ की गुप्त बातों को किसी के द्वारा वहाँ तक पहुँचाता रहता है।

सालुम्बा सरदार—हमारे गोप्य ही क्या है जो वह बतायेगा।

रामसिंह—फिर भी सरदार, उस पर दृष्टि रखना आवश्यक है।

सालुम्बा सरदार—वह कहाँ है?

रामसिंह—मेरे ही डेरे में। इसलिए मैंने उसे अपने पास रक्खा हुआ है।

ज़ोरावरसिंह—जसी आपकी इच्छा। मुझे इन्हीं को (रामसिंह की ओर इशारा कर) देख-रेख में रखिये। मुझे कुछ आपत्ति न होगी।

रामसिंह—नहीं सरकार, यह···

मालुम्बा सरदार—क्यों नहीं ! यही अच्छा होगा। तुम दोनों में जानकारी भी है।

(ज़ोरावरसिंह मुस्करा देता है, सरदार जाता है)

ज़ोरावरसिंह—बताइये सरकार ! कैसी बनी ! चाल तो चली थी बहुत बढ़िया, पर उल्टे पड़ी आपकी ही। (मुस्करा कर) बताइये देख-रेख आपकी होनी चाहिये या मेरी ? अब आपका पिंड न छूटेगा। आपको यदि पत्नी का मोह इतना प्रबल है तो उससे भी भेंट करा दूंगा। है स्वीकार ? वह राजपूतनी है, मानती मानती आयेगी, तुम्हारे जैसी···

रामसिंह—अब अधिक लज्जित न करो। चलो चलें।

(दोनों जाते हैं।)

(परदा गिरता है।)

पाँचवाँ दृश्य

(अन्तल्ला दुर्ग का बाहरी भाग। दुर्ग एक ऊँची दीवार पर बना है, उसके चारों ओर ऊँची ऊँची पत्थर की दीवारें हैं। दीवारों के ऊपर थोड़ी थोड़ी दूरी पर गोल गुंबद बने हुए हैं, जिनमें रक्षापुरुषों के बैठने का और दुर्ग की रक्षा का सामान रखने का स्थान है। दुर्ग के अन्दर जाने का केवल एक ही बहुत बड़ा फाटक है जिसमें थोड़े थोड़े अन्तर पर नुकीले कील लगे हुए हैं। दुर्गासिंह एक छोटी सी गठरी उठाये फाटक के इधर उधर देख रहा है।)

दुर्गासिंह—(कुछ आगे पीछे देखकर और इधर उधर चलकर) समझ में नहीं आता भीतर कैसे जाऊँ! इस फाटक के सिवा अंदर जाने का कोई दूसरा द्वार नहीं है और फाटक बंद है। (सामने से दो आदमी आते दिखाई देते हैं जो उसके पास ही आ जाते हैं। दुर्गासिंह उनसे पूछता है।) क्योंजी, यह फाटक कब खुलेगा?

एक आदमी—आज कल यह नहीं खुलता।

दुर्गासिंह—खुलता नहीं! यह क्यों?

दूसरा आदमी—तुम यहां के रहने वाले मालूम नहीं होते।

दुर्गासिंह—हाँ, हूँ तो परदेसी ही।

दूसरा आदमी—तभी तो। भैया, सुना है राणा अमरसिंह इन पर धावा बोलने वाले हैं। इसी आशंका से इसका द्वार आज कल बंद रहता है।

दुर्गासिंह—अंदर के लोग खाते पीते क्या होंगे?

पहला आदमी—इन्होंने पांच-छः मास के लिए खाने पीने का सामान इकट्ठा कर रक्खा है। अच्छा भाई, राम राम! अब हम जाते हैं (दोनों चले जाते हैं।)

दुर्गासिंह—(सोचता है) भीतर जाने का कोई उपाय निकालना ही पड़ेगा। (गहरी सोच के बाद) कोई न कोई द्वाररक्षक तो अवश्य यहां रहता ही होगा। (एक छिद्र में से भीतर की ओर झांकता है।) हाँ, दो पठान पड़े हैं। (कुछ ओट में चला जाता है। कुछ ही समय के बाद स्त्री के वेष में आकर) अब ठीक है। पर कपड़े कुछ अधिक मैले और फटे हुए होने चाहिएं, तभी तो भिखारिनि लगूँगी। (कपड़ों पर कुछ धूल डाल लेती है और कई जगहों पर उन्हें फाड़ डालती है) (ऊंची आवाज़ से—'अल्लाह के बंदो! रोटी दिलाओ। बेबस भिखारिनि को खाना खिलाओ।' कहती कहती इधर उधर घूमने लगती है। उसकी आवाज़ सुनकर दो चार आदमी आकर खड़े हो जाते हैं।)

एक आदमी—इस सुनसान स्थान में तुम्हें खाना कहां मिलेगा? पास के गाव में क्यों नहीं चली जाती?

से आऊ ? अच्छा, उधर से ही आती हूँ।

(दुर्ग से पीछे की ओर चली जाती है)

(परदा उठता है।)

छठा दृश्य

(अच्छा दुर्ग का भीतरी भाग। दुर्ग के आंगन में चार तंबू खड़े हैं। उनके बाहिर कुछ पठान सैनिक आराम से पड़े हुए हैं। कुछ गपशप हाँक रहे हैं और कुछ खाने पीने में व्यस्त हैं। दो पठान भिखारिन को हाथों का सहारा दिये कुँए की ओर ले जा रहे हैं। उधर से एक पठान शस्त्रों से सज्जित आता है। कोई अधिकारी मालूम होता है।)

अधिकारी—(द्वाररक्षकों को देख कर) समझदारों, तुम अपना पहरा छोड़कर इधर क्यों आये हो ? किसे खींचे ला रहे हो (देखकर) अरे यह तो कोई औरत है ? कौन है यह !

एक द्वाररक्षक—एक भिखारिन है सरकार। पानी की प्यास से मर जा रही थी, इसी लिए……

अधिकारी—दरवाजे पर कौन है ?

दूसरा द्वार-रक्षक—(भयभीत-सा) कोई नहीं।

अधिकारी—(क्रोध से पांव भूमि पर पटक कर) अगर कोई फाटक खोल दे तो ! भागकर अपने काम पर जाओ।

(दोनों द्वार-रक्षक भिखारिन को कुएँ के पास ही छोड़ कर भाग जाते हैं।)

मैं मर गया तो मेरी बीबी और बच्चों की परवरिश कौन करेगा ?

दूसरा—ज़रा धीरे धीरे बोलो, पास कोई खड़ी है।

तीसरा—कोई मँगनी मालूम होती है। (भिखारिन से) क्यों ! तू यहां पर खड़ी खड़ी क्या कर रही है ?

(वह कुछ उत्तर नहीं देती।)

पहला—क्या तू बहरी है ? (उसके पास जाता है) क्या कुछ सुना ! बोलती क्यों नहीं ?

भिखारिन—ओं ··ओं ··ओं (इशारे से गूँगी होने का बहाना करती है।)

दूसरा—यह गूँगी है।

पहला—और बहरी भी।

तीसरा—इसे खड़ी रहने दो ! जैसा पत्थर वैसी यह। न सुन सकती है और न बोल सकती है।

पहला—(हटाकर) ठीक तो है। हाँ, मैं कह रहा था, मेरे पीछे मेरे बाल-बच्चों की परवरिश कौन करेगा।

दूसरा—ठीक तो है। अपनी जान किसको प्यारी नहीं होती।

तीसरा—जिनके लिए जान दी जाय, उनमें भी इन्सानियत होनी चाहिए। हम लड़ते मरते रहेंगे और हमारे सरदार बैठे लड़ाते रहेंगे या औरतों के बुर्कों में छिपे रहेंगे।

दूसरा—लाचारी तो इस बात की है कि फाटक पर का पहरा पहले से ज्यादा कड़ा कर दिया गया है और निकलने का कोई दूसरा रास्ता ही नहीं।

मल्लू—क्यों नहीं, मैं चलता हूँ।

हीरा—ऐं क्या ! कौन था ?

पन्ना—(धीरे से उसके कान के पास) यहाँ से दाहिनी ओर जो दीवार है, उस पर से मकान के पीछे की ओर नीचे पानी बहने की एक नाली है। पर ज़रा दो जाती है। इसमें से एक आदमी बड़ी आसानी से निकल सकता है।

हीरा—निकलने का उपाय तो है, पर अगर पकड़े गये तो ज़िन्दा ज़मींदोज़ किये जायेंगे।

पन्ना—पकड़े जाने का कोई ख़तरा नहीं, ऊपर बिल्कुल सन्नाटा है। पर जाना चाहिए एक एक कर।

(दोनों जाते हैं)

[illegible]—निकलने का रास्ता तो मालूम हो गया। अब यहाँ से चलना ही ठीक होगा।

(जाती है।)

(पट-प्रक्षेप)

तीसरा अङ्क

पहला दृश्य

(कन्नौज से लगभग दो कोस पहले एक मैदान ! यहाँ पर बहुत से सैनिक युद्ध की तैयारी में व्यस्त हैं—कोई तलवार की धार निकाल रहा है, कोई भाले की नोक तेज़कर रहा है, कोई उसे रेत से उजला कर रहा है और कुछ दो दो चार-चार की टोलियाँ बनाकर गपशप कर रहे हैं । बलजी अपने तम्बू के बाहिर कुछ व्यग्र से खड़े हैं ।)

बलजी—दुर्गासिंह अभी तक नहीं आया । कहता था कि अगले दिन प्रातः ही पहुँच जाऊँगा । अब तो दोपहर भी ढल चली है । (सामने खड़े एक सैनिक से) वीरसिंह ! (वह पास आता है) वीरसिंह, ज़रा जाकर योधजी को बुला लाओ । (वीरसिंह अभिवादन कर जाता है) उसे भेजना न चाहिए था, आखिर अपरिपक्वबुद्धि बालक ही तो था । इतने बड़े काम का बोझ उस पर डालना मूर्खता थी । (योध आता है ।) योध भैया, दुर्गासिंह अभी तक नहीं आया, क्या किया जाय ?

योध—मैं भी इसी चिन्ता में हूँ । अब तक उसे आ जाना चाहिए था ।

बल्लजी—(भृकुटि तानकर) मैं समझ गया हूँ इस धूर्त की चालाकी। हमें कैसा उल्लू बना रक्खा था इसने! (ग्रामीण और सैनिकों से) तुम अब जाओ।

योध—क्या बात है भैया?

बल्लजी—सब भेद खुल गया है। मालूम होता है वह चूड़ावतों का भेदिया है।

योध—क्या इसी एक साधारण सी घटना के आधार पर आप...

बल्लजी—एक घटना नहीं भैया। आपको पता है एक बार पहले भी वह छिपकर यहां गया था। मैंने पूछा तो कहने लगा कि एक मित्र को मिलने गया था।

योध—भैया, उसका भोला भाला चेहरा तो नहीं बताता कि वह इतना छली और कपटी हो सकता है!

बल्लजी—कई बार आकृति से बहुत धोखा लग जाता है। कैसा उसने मुग्ध कर रक्खा था मुझे!

योध—यही होगा। मेरा विचार है कि हमें अधिक प्रतीक्षा की आवश्यकता नहीं। आज ही कूच कर देना चाहिए।

बल्ल जी—योध, मेरा चित्त अब क्रोध से विक्षुब्ध हो रहा है। मैं उसे चूड़ावत दल तक पहुँचने ही न दूंगा। अभी पहुँचकर उसे इस कृतघ्नता का मज़ा चखाता हूँ।

योध—भैया, व्याकुल होने का समय नहीं, चूड़ावत कहीं पहले ही दुर्ग में न प्रवेश कर जायें।

[illegible]न्द्री—मेरा चित्त तब तक शान्त न होगा जब तक मैं इस सपोले का सिर कुचल न डालूंगा। (क्रोध से) कितना नीच निकला है यह ! आप लोग अपने पड़ाव पर पहुँचें, मैं वहीं मिल जाऊँगा।

(शस्त्र उठाकर सहसा निकल जाता है।)

[illegible]र—(पास खड़े सैनिक से) वीरसिंह, तुम भैया के पीछे पीछे जाओ। देखना कोई दुर्घटना हो जाय तो हमें तुरन्त सूचित करना। (वीरसिंह जाता है) कैसी बेढंगी समस्या है ! कुछ समझ में नहीं आता। (सोचकर) मुझे तो लगता है कि भैया भ्रम में हैं। अमृत में विष ! नहीं, हो नहीं सकता।

(परदा गिरता है)

दूसरा दृश्य

(अन्ताल्वा की एक बाहरी सड़क। दुर्गासिंह एक छोटी सी गठरी उठाये लम्बे लम्बे डग भरता आ रहा है। उसके माथे से पसीने के बिंदु गिर रहे हैं, फिर भी निरन्तर चला आ रहा है।)

[illegible]र्गासिंह (सामने एक शिविर देखकर) पहुँच गया हूं। मैं तो सोच रहा था कि शिविर अभी बहुत दूर है। (सामने आते हुए एक मनुष्य को देखकर) फिर भी इस मनुष्य से पूछ ही लूं। (मनुष्य से) क्यों जी यह शिविर शक्तावतों का है न ?

[illegible]नुष्य—शक्तावत इधर कहां रहे ! यह तो चूड़ावतों का डेरा है। तुम्हें नज़र नहीं आ रही वह ऊँची पताका ?

दुर्गासिंह—(घबराया सा) फिर तो अनर्थ हो गया, महान् अनर्थ हो गया। चूड़ावतों का दल दुर्ग के पास तक पहुँच गया है और शक्तावत वहीं पड़े होंगे। कदाचित् वे अवश्य मेरी प्रतीक्षा कर रहे होंगे। अब मुझे भाग कर वहाँ पहुँचना चाहिए। (मनुष्य से) तुम क्या यहीं रहते हो?

मनुष्य—मैं चूड़ावत दल का सैनिक हूँ।

दुर्गासिंह—क्या तुम जोरावरसिंह को जानते हो?

सैनिक—हाँ जानता क्यों नहीं। मेरे पास के तम्बू में वो वह रहता है।

दुर्गासिंह—(मन में) यहाँ तक आ गया हूँ तो गौरी से भी मिल लूँ। (सैनिक से) आप जरा उससे मेरा सन्देश दे दें कि दुर्गासिंह तुम्हारी प्रतीक्षा में खड़ा है।

सैनिक—वह कहाँ आ सकेगा! आज ही हमने चलना है।

दुर्गासिंह—धिक्कार है मुझे! मैं यहाँ व्यर्थ समय खो रहा हूँ। मुझे अभी चलना……

सैनिक—देखो वही तो खड़ा है सामने। (ऊंची आवाज से) अरे हो जोरावर! अरे भाई, तनिक इधर आओ।

(जोरावर आता है, सैनिक जाता है।)

जोरावर—(आश्चर्य से) दुर्गा! तुम यहां! और इस समय! उनसे कुछ अनबन तो नहीं हो गई?

दुर्गा—(असली बात छिपाकर) बात यह है गौरी कि मैं तुमसे मिलने को सदा छटपटाती रहती हूँ। आज भी देखा कि

बज्रजी—पति कैसे ! अभी विवाह ही कब हुआ है ?

दुर्गा—(धीमी सी मन्द आवाज में) हो तो गया है।

बज्रजी—कब ! झूठ, सब झूठ।

दुर्गा - उसी समय जब आप प्रयाण करने वाले थे।

बज्रजी—प्रयाण करने वाले थे ! क्या कह रही हो तुम ! तुम्हारी पहेली मैं अब भी नहीं बूझ पाया।

दुर्गा—(सिर नीचे किये हुए) स्मरण है आपको, प्रयाण से सब से अन्तिम जिसकी पुष्पमाला आपके गले में पड़ी थी ? उसी समय पुष्पमाला के साथ इस दासी का तन-मन-धन आपके चरणों में अर्पित हो गया था। स्मरण है तब आपने पूछा था - 'तुम्हारा कोई सम्बन्धी नहीं है क्या ?' उस समय मैंने कोई उत्तर नहीं दिया था। आपने तब कहा था - 'मुझे ही अपना सम्बन्धी मानो।' आपके इन वचनों से मैं गद्गद हो गई थी और अपने आपको संसार में सब से बढ़कर सौभाग्यवती मान रही थी। आपने फिर पूछा था—'मेरा आप से क्या सम्बन्ध हुआ ?' मैंने उत्तर दिया था—'फिर बताऊँगी।' अब बता दिया है प्राणेश्वर !

बज्रजी - (व्यग्रता) यदि मुझे इस घटना का पता पहले लग जाता तो क्यों एक सुकुमार बाला के जीवन को अपने साथ काँटों में घसीटता। दुर्गा, तुम्हें पता है कि मेरा जीवन इस समय बुद्बुद के समान है, अब विलीन हुआ तब विलीन हुआ।

गौरी—(अपनी बनावटी मूछें उतारकर) भाई नहीं तो बहिन तो हूँ !

बल्लूजी—(बहुत चकित होकर) तुम भी स्त्री ! क्या मैं स्वप्न तो नहीं देख रहा हूँ ! दोनों मिलकर मुझे बना रही हो !

दुर्गा—यह मेरी बहिन से भी बिढ़कर सहचरी गौरी है। सरदार रामसिंह से आप परिचित ही हैं, यह उन्हीं की अर्धांगिनी है।

बल्लूजी—सरदार रामसिंह की अर्धांगिनी ? (मुस्कराकर) इसे वे पति का प्रेम खींच लाया है क्या ? इसका ब्याह तो अब नहीं हुआ।

दुर्गा—आपको पता ही है कि सरदार जी युद्ध के नाम से भय खाते हैं। गौरी बहिन ने किसी न किसी तरह उत्साहित कर उन्हें युद्ध में भेजा है और इस वेष में उनके अंग-संग रहती है कि कहीं भाग न जायें।

बल्लूजी—(उपहास से) और तुम इसलिए मेरे अंग-संग रहती हो कि कहीं मैं भी न भाग जाऊँ ! चाणक्य बेचारे को भी तुम लोगों से नीति की बातें सीखनी होंगी।

(चूड़ावतों के शिविर से बाजों की ध्वनि आती है)

बल्लूजी—(सहसा चौंककर) चूड़ावत चलने को तैयार हैं; मुझे भी इसी दम लौटना चाहिए।

दुर्गा—हाँ, आपको चलना ही चाहिए। चलिए अभी आपको थोड़ी दूर तक पहुँचा आऊँ। गौरी, मैं अभी आई। इतने में तुम फिर जोरावरसिंह बन जाओ। (रास्ते में जाते जाते) मैं आपसे एकान्त में बात करना चाहती थी। इसीलिए

साथ आई हूं। मैं भिखारिन के वेष में दुर्ग के अंदर तक हो आई हूं। पठान अभी तक तय्यार नहीं हैं। आप तुरन्त आक्रमण करदें। इतना ही कहना था। अब जाती हूं। (चरणों पर झुक कर अभिवादन करती है)

चन्द्रजी—दुर्गे, चिन्ता न करना। आशा है कि विजय-पताका फहराता हुआ मैं शीघ्र लौटूंगा और तुम्हारे हाथों की वरमाला गले में धारण करूंगा। (दुर्गा लौटती है और वीरसिंह वृक्ष की ओट से निकल कर चन्द्रजी के पीछे-पीछे हो जाता है।

वीरसिंह-(चलते-चलते) स्त्रियों की बुद्धि कितनी तीव्र होती है! इन दोनों ने हम सब को उल्लू बना रक्खा था।

(गौरी वेष बदल कर फिर हीरासिंह बन जाती है।)

गौरी—अब क्या विचार है?

दुर्गा—और क्या विचार है, उनकी आज्ञा कैसे टाल सकती हूं!

गौरी—अकेली जाओगी?

दुर्गा—फिर दुर्गासिंह बन जाऊँगी।

गौरी—जैसी तुम्हारी इच्छा। (दोनों गले लगती हैं। दुर्गा चल पड़ती है।) (कुछ सोचकर) दुर्गा का दिल अकेले कैसे लगेगा! कितनी उमंगें लेकर आई थी पति का साथ देने! (कुछ ठहर कर) नहीं, कदापि नहीं, उसे लौटाना न चाहिए। (ज़ोर से पुकारती है) दुर्गा! दुर्गा!! अरी ओ दुर्गा!!! (दुर्गा रुकती है।) दुर्गे, लौटो मत उनके साथ साथ रहो।

दुर्गा—पर कैसे हो सकता है! उनकी आज्ञा कैसे टाल सकती हूँ!

गौरी—अरी पगली ! यह उनकी आज्ञा न थी, कथनमात्र था। वे कैसे कह सकते थे कि तुम मेरे साथ जलती आग में कूदो। यदि तू ज़रा भी 'ननु, नच' करती तो वे मान जाते।

दुर्गा—मुझे क्या पता इन बातों का।

गौरी—अब तो पता लग गया है न? मेरा कहना मानो वे मत जाओ।

दुर्गा—जब देखेंगे तो वे कहेंगे कि कहने पर भी क्यों नहीं गई।

गौरी—देखेंगे तब न! वे तुम्हें पहचान ही न पायेंगे। बड़ी-बड़ी मूँछें लगा दूँगी चेहरे पर। सोलह-सत्रह के कुमार से तीस-पैंतीस का युवक बना दूँगी।

दुर्गा (हँस कर) इन बातों में तो तुम कुशल हो ही।

(दोनों चलती हैं।)

परदा उठता है।

तीसरा दृश्य

(चमकौर का बाहरी भाग, इसके चारों ओर ऊँची ऊँची दीवारें हैं। नीचे एक गहरी परिखा है। इसके इस पार मुसलमानों का दल डेरा डाले हुए है।)

एक सैनिक—(पास खड़े दूसरे सैनिक से) राजसिंह, दुर्ग में घुसने का मार्ग कौन है?

राजसिंह—मार्ग होता तो सीढ़ियाँ ही क्यों लाते।

सैनिक—क्या सीढ़ियों से दीवारें चढ़ेंगे?

सरदार और सैनिक इकट्ठे हो जाते हैं।) द्वार की दृढ़ता को देखकर लोग हिम्मत तो न हार देंगे ?

शेष—यह बात नहीं, कठिनता की मात्रा के साथ राजपूतों के साहस की मात्रा भी बढ़ती जाती है

एक सैनिक—सरकार एक शब्द, केवल-मात्र एक आदेश का शब्द आपके मुख से निकलने की देर है, फिर देखेंगे कि आप किस प्रकार उन्मत्त पतंगों के झुण्डके झुण्ड इस दीपशिखा (द्वारकी ओर संकेत करता है) पर जलकर राख हो जाते हैं।

दूसरा सैनिक—धर्मावतार, ऐसे ही शुभ दिन को देखने के लिए हम लोग देवी-देवताओं की मनौतियां मनाते रहते हैं।

तीसरा सैनिक—सरकार, रणभूमि में प्राण देने का सौभाग्य अनेक जन्मों में संचित शुभ कर्मों द्वारा ही प्राप्त होता है। कौन सचा राजपूत इस अवसर को हाथ से निकलने देगा !

बल्लजी—(एक ऊंचे स्थान पर खड़े होकर) मातृभूमि मेवाड़ के सुपुत्रो, आपके स्वदेश-प्रेम और आत्म-सम्मान को देखकर मेरा हृदय बल्लियों उछल रहा है। हमारे पूर्वज मेवाड़-छत्र के अधिकारी हैं। इसकी रक्षा में उन्होंने अपने पुत्र, पौत्र, स्त्री, बहिन और माताओं तक का भी बलिदान किया है। हमारे पिता स्वनाम-धन्य शक्तिसिंह के आत्म-त्याग की कथा किससे गुप्त है ? हमारे ताऊ राजपूत-शिरोमणि, प्रातः स्मरणीय श्री प्रतापसिंह का जन्म ही मातृभूमि के चरणों

और साथ ही मेवाड़ का हिरौल तुम और तुम्हारी सन्तानें भोगेंगी और यदि हार गये तो इससे भी बढ़कर सौभाग्य के भागी बन जाओगे। स्वर्ग में बाप्पा रावल, धीर संग्रामसिंह,वीर शक्तिसिंह और मेवाड़-केसरी महाराणा प्रतापसिंह के चरणों में पहुँच जाओगे। आज तुम्हारी वीरता, देशभक्ति और आत्माभिमान की परीक्षा का दिन है। है तुम में हिम्मत ?

सबों कण्ठों से—निस्सीम !

बल्लूजी—है तुम में शक्ति द्वार तोड़ने की ?

सब—मातंगों जैसी !

बल्लूजी—घबरा कर जी तो न हारोगे ?

सब—कदापि नहीं !

बल्लूजी—शपथ लो खड्ग भवानी की (नंगी तलवार उठा कर), जो हमारी जननी है और राजपूतों की मान-मर्यादा और प्रतिष्ठा की रक्षिका है।

सब—(तलवारें म्यानों से निकाल कर) हम शपथ लेते हैं—

बल्लूजी—कि हम तन में प्राण रहते—

सब—कि हम तन में प्राण रहते—

बल्लूजी—अन्तला पर अधिकार करेंगे—

सब—अन्तला पर अधिकार करेंगे—

बल्लूजी—और शक्तावत वंश के—

सब—और शक्तावत वंश के—

बल्लूजी—नाम को कलंकित न होने देंगे—

सब—नाम को कलंकित न होने देंगे—

बप्पजी—और यदि यह न कर सके—

सब—और यदि यह न कर सके—

बप्पजी—तो अपना कलंकित मुख—

सब—तो अपना कलंकित मुख—

बप्पजी—मेवाड़ को कदापि न दिखायेंगे।

सब—मेवाड़ को कदापि न दिखायेंगे।

बप्पजी—मुझे आप लोगों पर विश्वास है।

(बप्पजी, दूसरे सरदार और बहुत से सैनिक क्रमशः जाते हैं। पीछे दुर्गसिंह, जिसने अब मूँछें लगाकर वेष बदला हुआ है, और दो-चार और सैनिक रह जाते हैं।)

दुर्गसिंह—ये किवाड़ टूटेंगे कैसे ?

एक सैनिक—किसी न किसी तरह टूटेंगे ही। दृढ़ धारणा यदि मन में हो तो सामने पहाड़ भी पराजयी हो जाते हैं।

दुर्गसिंह—यह तो ठीक है, परन्तु समय भी तो थोड़ा है।

दूसरा सैनिक—हमारा काम आज्ञा पालन है। जिनका यह आयोजन है वे इस समस्या का हल सोच ही रहे होंगे (जाते हैं।)

(पर्दा बदलता है।)

एक सरदार—(सरदार दिलेरख़ाँ से) सरकार, इस रुख़ को इस घर (उंगली से निर्देश कर) में रख दीजिए।

बहादुरख़ाँ—पहले फ़ील को हटायें फिर रुख़ चलने का नाम लें।

दिलेरख़ाँ—(घोड़े को प्यादे और बादशाह के बीच में रखकर) यह लो, फ़ील कहां रही ! (बहुत शोर होता है)

बहादुरख़ाँ—यह शोर-ओ गुल कैसा है ?

एक सिपाही—सरकार, दीवार के नीचे राजपूत लोग शोर मचा रहे हैं।

बहादुरख़ाँ—मचाते फिरें, हमें क्या ! खुद ही दीवारों के साथ सर पटक पटक कर मर जायेंगे। (घोड़े को चलकर) लीजिये जनाब दो चालों में बाज़ी मात समझिये।

दिलेरख़ाँ—मात करना कोई ख़ालाजी का घर नहीं, प्यादे भी बुरक़ा पहने नहीं बैठे। (फिर शोर)

(एक सिपाही भागा भागा आता है।)

सिपाही—सरकार, राजपूत लोग दीवारों को फांदने वाले हैं।

दिलेरख़ाँ—दीवारें फाँदने वाले हैं न ! अभी फाँदे तो नहीं ? मुझे ज़रा देखने दो बहादुरख़ाँ की भी हिम्मत ! कैसे मात करते हैं दो चालों में ! (ज़ोर कर हँसता है।) (वज़ीर को चल-कर) लीजिये जनाब अब अपने शाह को सँभालिए। कहीं लेने के देने न पड़ जायें।

बहादुरख़ाँ—यह भी कोई चाल है ! यह लो (घोड़े को चलकर) अब यह बंदा है किश्त—शह [illegible] !

(फिर शोर मचाता है।)

बहादुरख़ाँ—(गुस्से से) ये राजपूत लोग भी कैसी अनोखी मिट्टी के घड़े हैं। हमने इन लोगों को क्या कोई दावत दी थी जो आ धमके हैं! नाहक़ मज़े में ख़लल डाल रक्खा है। दिलेरख़ाँ, इस शोर-ओ-गुल में दिमाग़ काम न करेगा। चलो, कहीं तनहाई में चलकर बैठें।

दिलेरख़ाँ—क्या अच्छी तरकीब निकाली है हार से पीछा छुड़ाने की जनाब! इस बाज़ी को ख़त्म कर लें तब उठने का नाम लें।

बहादुरख़ाँ—अच्छा भाई, चौकी पर इसी तरह रखे रख्खे मोहरों को उठाकर ले चलते हैं। अब तो आपको इत्मीनान हो गया है?

दिलेरख़ाँ—हाँ, यह बात तो मानने वाली है।

बहादुरख़ाँ—(एक सिपाही से) देखो, तुम इसी वक़्त सिपहसालार को हमारी ओर से कहो कि क़िले की हिफ़ाज़त का काम तुम्हारा है। हमें परेशान न करें। (सिपाही जाता है।) शतरंज की लड़ाई में असली लड़ाई की निस्बत हज़ार दरजा ज़्यादा लुत्फ़ है। हार-जीत तो वैसी ही, पर न मारधाड़ और न धरपकड़। वहाँ तो मुफ़्त फ़साद है, ख़ून के दरिया बह जाते हैं, फिर भी जीत मयस्सर हो या न हो। (एक सिपाही से) इधर आओ, तुम दोनों इस चौकी को उठाकर हमारे पीछे पीछे ले आओ।

बल्लजी—यह बात नहीं दुर्गा। यश को दुर्गा पर गर्व है।

दुर्गा—फिर उस पर इतना अविश्वास क्यों?

बल्लजी—यह अविश्वास नहीं, मोह है।

(रणभेरी की आवाज़ सुनाई देती है)

बल्लजी—ओह! इतना समय यहीं पर गुज़र गया है। वे लोग भेरी द्वारा मुझे बुला रहे हैं।

दुर्गा—आप पगों में भी आपके पीछे पीछे आती हूँ। (मुस्करा कर) भूल हो गई, आता हूँ।

(बल्लजी जाता है।)

दुर्गा—आज की यह घड़ी मेरे जीवन की स्वर्णनिधि है। प्राणेश्वर से केवल दो-चार बातें ही करना चाहती थी। उनका अवसर पाकर मैं निहाल हो गई हूँ।

(जाती है।)

(परदा उठता है)

सातवाँ दृश्य

(थामतजा का बाहरी भाग। राजपूत वीर सीढ़ियाँ लगाकर दुर्ग के अंदर प्रवेश करने का यत्न कर रहे हैं। दुर्ग के गुंबदों में बैठे मुग़ल-सिपाही तीर चला चलाकर उन्हें विफल कर रहे हैं।)

एक राजपूत सैनिक—(दूसरे सैनिक से) इस तरह काम कैसे चलेगा भाई? हम लोगों का व्यर्थ संहार हो रहा है।

दूसरा सैनिक—वे लोग ऊपर हैं और हम नीचे। हम कर ही क्या सकते हैं!

(सालुम्बा सरदार आते हैं।)

सेना सरदार—(सैनिकों से) अब आगा-पीछा करने का अव
नहीं है वीरो। मरने डरने की ओर मत देखो, कदम आ
ओर देखो। इन दीवारों के फाँदने में ही हमारी सफलता
है। (कुछ सैनिकों से) इन्हीं लाशों पर (हाथ से लाशों
की ओर निर्देश कर) सीढ़ियां टिका कर चढ़ क्यों नहीं
जाते! (कुछ सैनिक ऊपर चढ़ने का यत्न करते हैं। और
ऊपर से शत्रु तीर चलाते हैं। राजपूत नीचे से तीर चलाते हैं।
ऊपर से तीर चलने बन्द हो जाते हैं।

(रामसिंह और ज़ोरावरसिंह एक सीढ़ी उठाये आते हैं।)

ज़ोरावरसिंह—लो मैं सीढ़ी लगाता हूँ; पहले आप चढ़ें और आप
के पीछे ही मैं भी आता हूँ।

रामसिंह—तुम्हारा अविश्वास अभी गया नहीं ज़ोरावर। सीढ़ी
लगाओ। (ज़ोरावरसिंह सीढ़ी लगाता है, और दोनों उस पर
चढ़ते हैं। ऊपर से कई तीर आते हैं, परन्तु उन्हें लगता एक भी
नहीं, वे शिखिर पर पहुँच जाते हैं। पहुँच जाने के बाद ज़ोरावर
ठोकर मारकर सीढ़ी नीचे गिरा देता है।)

रामसिंह—सीढ़ी क्यों गिरा दी? इसलिए कि मैं भाग न जाऊँ?

ज़ोरावरसिंह—यह बात नहीं। मेरे जैसी दुर्बल स्त्री से......

रामसिंह—क्या कहा स्त्री! तुम......

ज़ोरावरसिंह—(जल्दी से) मैं यह कह रहा था कि मेरे जैसे स्त्री से
दुर्बल नवयुवक को भाग जाने का अवसर न मिले।

सेना सरदार—(नीचे से) शाबाश रामसिंह! मैं
भी आता हूँ।

(सीढ़ी पर चढ़ने लगते हैं। ऊपर से तीर चलते हैं, पर वे उनकी परवाह
न कर चढ़ते ही जाते हैं। अन्त में दीवार पर पहुँच जाते हैं
और वहां पर मुगल सिपाहियों से युद्ध करते हैं। कई
सिपाही मारे जाते हैं और कई भाग जाते हैं।
नीचे से राजपूत जयध्वनि करते हैं। इतने
में एक तीर आकर उनके हृदय में
लगता है। वे पछाड़ खाकर
दीवार से गिरते हैं।
बन्दा ठाकुर जो
नीचे से
सीढ़ी
पर चढ़ रहा है,
उन्हें बीच में ही थाम लेता है
और उन्हें मरा जान कर उनकी लाश को एक कपड़े में
बांधकर पीठ पर लाद लेता है।)

रामसिंह—(आँखों से आँसू लाकर, चढ़ते चढ़ते) विजय-लक्ष्य पर
जब हम पहुँचने को ही थे कि सरदार हमें छोड़ गये
फिर भी विजय उन्हीं की है। (वह लाश उठाये ही दीवार
पर पहुँच जाता है। सैनिकों से) वीरो, एकदम धावा बोल
दो। सरदार ने अपना बलिदान कर हमारा मार्ग साफ कर
दिया है। (ज़ोर से) थोड़ा और यत्न लगाने की आवश्य-
कता है। शत्रुओं के पैर उखड़ चुके हैं। विजय तुम्हारे
सामने है। बोलो—'सालुम्बा सरदार की जय।'

सब सैनिक—(भागता आता हुआ) सरकार, राजपूत सिपाही दीवारों को फाँद कर किले में आ घुसे हैं।

बहादुर खाँ—तो हम क्या करें! सिपहसलार को कहो।

सब सैनिक—वह अकेला क्या कर सकता है सरदार। सिपाही भाग रहे हैं, उन्हें धीरज देने वाला भी कोई नहीं।

दिलेरखाँ—हमारे रोके वे रुक थोड़े ही जायेंगे! जान किसको प्यारी नहीं होती! ठीक है न बहादुरखाँ?

बहादुरखाँ—ठीक क्यों नहीं! आप हुआ जग परलय। (सिपाही से) मुँह क्या देख रहे हो! जाओ। (सिपाही जाता है।) नामुरादों ने यहाँ भी पीछा नहीं छोड़ा।

दिलेरखाँ—अजी, उधर ध्यान ही न दीजिए। इस बार फतह मेरी होगी, यह पहले ही बता देता हूँ।

(सिपहसलार आता है।)

सिपहसलार—(बेचैन सा) सरदार, आप इधर बैठे हैं, पर मालूम है उधर क्या हो रहा है?

दिलेरखाँ—मालूम क्यों नहीं! पर हम क्या कर सकते हैं! जरा जी बहला रहे थे, बीच में खलल डाल दिया।

सिपहसलार—सरदार, यह वक्त जी बहलाने का नहीं, किले की हिफ़ाज़त का है।

बहादुरखाँ—यह काम तुम्हारा है। अगर जंग के मौके पर भी हमें ही दौड़ धूप करनी पड़े तो तुम किस मरज़ की दवा हो?

दिलेरखाँ—अमन-चैन के वक्त इन्तज़ाम करना हमारा काम है!

मिनदार—(अनमना सा होकर) जैसी आपकी मर्ज़ी । (जाते जाते) जिस किले की हिफ़ाज़त का भार ऐसे राहबरों के कंधों पर हो, वह अब भी गिरा, तब भी गिरा ।

(जाता है)

दिलेरख़ाँ—चाल मेरी है न ! लो मैं वज़ीर चला ।

बहादुरख़ाँ—वज़ीर तो चल दिया, अब अपने रुख की खैर मनाओ। यह लो किश्त । जनाब, अब रुख दे दो ।

(कुछ राजपूत सिपाही नंगी तलवारें लिये आते हैं ।)

एक सिपाही—यही हैं इस किले के सरदार । काट दो इनका सिर ।

बहादुरख़ाँ—(हैरान होकर) यह क्या ! ज़रा सोच विचार कर बात करो भाई । सिर क्या हुए गाजर-मूली हुए । ख़ुदा के बंदो, कुछ तो ख़ुदा का ख़ौफ़ करो ।

दिलेरख़ाँ—कैसी अच्छी चाल सूझ रही थी ! एक दम भूल गई । हाँ, घोड़ा······

दूसरा सिपाही—देवीसिंह, क्या मारोगे इन्हें । इन्हें बंदी कर लो ।

(सिपाही उन्हें पकड़ लेते हैं ।)

दिलेरख़ाँ—अगर इस मरतबा मैं घोड़ा चलता तो·······

एक सिपाही—अब घोड़े रणभूमि में चलाना साहब, यहाँ के घोड़े दौड़ाने से क्या लाभ !

(उन्हें लेकर चले जाते हैं ।)

(परदा उठता है ।)

यह क्या ! ओह ! सामने आते ही हृदय प्रकम्पित हो उठता है । शरीर काँपने लगता है । महाप्रलय का दृश्य इससे भीषण क्या होगा !

(प्रधान महामन्त्री आते हैं ।)

महामन्त्री—प्रणाम अन्नदाता ! महाराज ने क्यों मुझे स्मरण किया है ?

राणा—हाँ, मैंने ही आप को बुलाया है मन्त्री जी ।

महामन्त्री—इतने सवेरे ! कारण !

राणा—आपको इसलिए कष्ट दिया है कि मैंने एक भयंकर स्वप्न देखा है ।

महामन्त्री—क्या एक स्वप्नमात्र ने ही मेवाड़ के वीर राणा को उद्विग्न कर रक्खा है !

राणा—यह स्वप्न नहीं था मन्त्री जी, एक भावी सच्ची घटना—दैवी घटना का सूत्रपात प्रतीत होता है । एक स्वप्न पहले भी देखा था—इसी समय, प्रभात में अन्तःपुर प्रयाण से पूर्व ।

महामन्त्री—फिर भी महाराज, मेवाड़ के राणा साक्षात् प्रलयाग्नि में भी कूदने से नहीं विचलित होते । स्वप्न तो फिर स्वप्न है ।

राणा—बात तो आप ठीक कहते हैं । परन्तु इन बातों से हृदय की बेचैनी कम नहीं हो रही ।

(राजपुरोहित आते हैं ।)

राजपुरोहितजी—जय हो मेवाड़ाधिपति की

भग्गजी—कुल्हाड़ों की धारायें कुंठित हो गई हैं, परन्तु ये टूटने का नाम ही नहीं लेते।

(वल्लजी आते हैं।)

वल्लजी—फिर क्या किया जाय ?

योध—मेरे विचार में बीस पचीस सैनिक एक ही बार भालों और कुठारों से आक्रमण करें, शायद युद्ध बन जाय।

वल्लजी—यह प्रयास भी कर देखो, पर समय बहुत कम है।

(पचीस तीस सैनिक भाले और कुल्हाड़े लेकर किवाड़ों को तोड़ने का यत्न करते हैं, परन्तु असर कुछ नहीं होता। कई सैनिक कीलों से चोटें खाकर ज़ख्मी हो जाते हैं।)

योध—मुझे एक बात सूझी है। हाथी की टक्कर से यह अवश्य टूट जायगा।

वल्लजी—संभव है। (एक सैनिक को) गजरक्षक को मेरी सवारी का हाथी लाने को तुरन्त आदेश दो।

सैनिक—जो आज्ञा। (जाता है।)

भग्गेश—बहुत सा समय व्यर्थ जा रहा है। मुझे भय है कि चूड़ावत कहीं पहले ही प्रवेश न करलें।

(हाथी लाया जाता है।)

वल्लजी—(गजरक्षक से) अरिसिंह, हाथी की टक्कर से इस द्वार को तोड़ना है।

अरिसिंह—जो आज्ञा।

(हाथी द्वार को टक्कर मारता है, परन्तु कीलों के माथे में धंस जाने से घायल होकर चिंघाड़ मार कर लौट जाता है। दो-तीन बार इस प्रकार किया जाता है, परन्तु कुछ नहीं होता है।)

बल्लूजी—यह द्वार आज किसी राजपूत योधा का बलिदान चाहता है।

योध—बलिदान के लिए तो हम सब लोग आये ही हैं। किस भाग्यवान की बलि चाहता है यह ?

बल्लूजी—मैं अभी बताता हूँ ! (जल्दी से द्वार के कीलों से सटकर खड़ा हो जाता है।) (गजरक्षक से) अरिसिंह, अब टक्कर लगवाओ हाथी से, कीलें इसे न चुभेंगी।

योध—भैया ! यह क्या !

(अचानक दुर्गासिंह सैनिकों की पंक्ति से भाग कर आता है और बल्लूजी को बलात् हटाकर उसका स्थान ले लेता है।)

दुर्गासिंह—अरिसिंह, दौड़ाओ हाथी को।

(सब लोग चकित हो जाते हैं)

बल्लूजी—दुर्गासिंह, तुम्हारा यह काम नहीं है।

दुर्गासिंह—क्यों सरकार।

बल्लूजी—यह अधिकार दल के अधिकारी का है।

दुर्गासिंह—मातृभूमि की सेवा में सब के अधिकार समान होते हैं।

बल्लूजी—तुम्हारे कोमल शरीर से यह काम न हो सकेगा ?

दुर्गासिंह—यह तो परिणाम प्रकट करेगा।

बल्लूजी—दुर्गा, यह मेरी परीक्षा का समय है। लोग कहेंगे कि बल्लू ने अपने प्राणों की रक्षा के हेतु एक सुकुमार (कुछ रुक कर) नवयुवक के जीवन का बलिदान कर दिया।

सरदार—इस किले की फौज का सिपहसालार।

राजा—(व्यंग्य से) कैसी फौज कैसे सिपहसालार! सरदार जी, कायरों की तरह छिपकर तीर चलाते आपको लज्जा नहीं आई?

सिपहसालार—मैंने तीर इस पर नहीं चलाया था, आप पर चलाया था। यह बेचारा तो यूँ ही बीच में आगया और निशाना बन गया। मेवाड़ के दो स्तूप तो गिर ही चुके थे। चाहा था तीसरे को भी गिराना।

राजा—यह कहते तुम्हें लज्जा नहीं आती? दो स्तूप क्या तुमने गिराये हैं?

सिपहसालार—किसी ने गिराये हों। मैंने या मेरे सिपाहियों ने। बात एक ही है। राजा साहिब आपको भी इस जीत का इतना गर्व क्यों है? आपने भी तो एक तीर तक नहीं चलाया। इन्हीं बेचारों को (सैनिकों की ओर इशारा कर) लाशों की सीढ़ियाँ बना कर जस और नामवरी के ऊँचे शिखर पर पहुँचना चाहते हो? दुनियाँ की यही चाल है—बोते और हैं, काटते और हैं!

बोध—तुम बन्दी हो, बन्दी का आचरण करो।

(सिपहसालार व्यंग्यसहित स्मित के साथ चुप हो जाता है।)

राजा—इसे डेरे में ले चलो। वहीं इसका न्याय होगा।

(परदा गिरता है।)

पटाक्षेप

—:०:—

राणा—क्यों ?

बन्दा—सरकार, रामसिंह जो भाग्यवश जीवित है, वही स्वयं अपने मुख से सब कुछ बतायेगा।

राणा—बंदा जी, मेवाड़ को जितना गर्व अपने पुत्रों का है उससे किसी प्रकार भी कम अपनी पुत्रियों का नहीं है। यदि सिंहनियां न हों तो सिंह कहाँ से उत्पन्न हों!

(इतने में एक तीर आकर दुर्गा के हृदय में लगता है। वह पछाड़ खाकर वस्तजी को लिये उसके ऊपर गिर जाती है। सब के सब इधर उधर देखने लगते हैं।)

राणा—(क्रोध से) यह किस नीच का काम है ? पकड़ लाओ उसे।

दुर्गा—(हंसते हुए चेहरे के साथ) मैं यही चाहती थी राणा जी। मेरी इच्छा पूर्ण हुई है। अन्तिम निवेदन यही है कि हम दोनों को एक ही चि······(प्राण दे देती है।)

राणा—तुम सती-शिरोमणि हो देवी। तुम्हारा सहवास अब सती पद्मिनी और कर्णवती के साथ स्वर्ग में होगा।

(दो सैनिक एक मुगल सरदार को पकड़े लाते हैं। वेषभूषा से वह सेनाध्यक्ष मालूम होता है।)

राणा—कौन है यह ?

सैनिक—यही है जिसने इसके (दुर्गा की ओर इशारा कर) प्राण लिये हैं।

राणा—तुम कौन हो ?

रतन—इस किले की फ़ौज का सिपहसलार।

रत्न.—(व्यंग से) जैसी फ़ौज वैसे सिपहसलार! सरदार जी, चोरों की तरह छिपकर तीर चलाते आपको लज्जा नहीं आई?

सिपहसलार—मैंने तीर इस पर नहीं चलाया था, आप पर चलाया था। यह बेचारा तो यूँ ही बीच में आगया और निशाना बन गया। मेवाड़ के दो स्तून तो गिर ही चुके थे। चाहा था तीसरे को भी गिराना।

राणा—यह कहते तुम्हें लज्जा नहीं आती? दो स्तून क्या तुमने गिराये हैं?

सिपहसलार—किसी ने गिराये हों। मैंने या मेरे सिपाहियों ने। बात एक ही है। राणा साहिब आपको भी इस जीत का इतना गर्व क्यों है? आपने भी तो एक तीर तक नहीं चलाया। इन्हीं बेचारों की (सैनिकों की ओर इशारा कर) लाशों की सीढ़ियाँ बना कर जस और नामवरी के ऊँचे शिखर पर पहुँचना चाहते हो? दुनियाँ की यही चाल है—बोते और हैं, काटते और हैं!

बोध—तुम बन्दी हो, बन्दी का आचरण करो।

(सिपहसलार व्यंग्यसहित स्मित के साथ चुप हो जाता है।)

राणा—इसे डेरे में ले चलो। वहीं इसका न्याय होगा।

(परदा गिरता है।)

पटाक्षेप

—:0:—